संदेश

मैं, 24 मार्च, 2023 को 'विश्व क्षयरोग दिवस' के अवसर पर 'वन वर्ल्ड टीबी समिट' के आयोजन के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा स्टॉप टीबी पार्टनरशिप की प्रशंसा करती हूं।

'विश्व क्षयरोग दिवस' टीबी के कारण बिगड़ते स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में जनता को जागरूक करने तथा टीबी को समाप्त करने के प्रयासों में तेजी लाने का अवसर है। टीबी रोग विश्व में लाखों लोगों को प्रभावित करता है और भारत में भी यह रोग हर वर्ष असंख्य लोगों की आजीविका समाप्त कर देता है तथा मृत्यु का कारण भी बनता है। टीबी की रोकथाम के लिए हमारे देश द्वारा किया जा रहा सामूहिक प्रयास हमारे राष्ट्रीय अभियान में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है, जिसमें सबके लिए समान, और सुलभ हेल्थ-केयर-सिस्टम अपनाया गया है जिससे समाज के सभी वर्गों को लाभ हो रहा है।

मैं, भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए सभी भागीदारों को एकजुट होकर कार्य करने का आग्रह करती हूं। आइए, इस

लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हम सब निरंतर एकजुट होकर कार्य करें।

****